प्रेस–विज्ञप्ति

पीपा जयन्ती महोत्सव शोभायात्रा के दौरान यातायात प्रबंध

दिनांक:–21.04.2024

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पीपाजी महाराज की जयन्ति दिनांक 22.04.2024 को मनाई जायेगी। इस अवसर पर पीपाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा स्थानीय पीपाजी मन्दिर विजयचौक से प्रात: 11.00 बजे से आरम्भ होकर अजय चौक, बडलो का चौक, उम्मेद चौक, मकराना मौहल्ला, माणक चौक, त्रिपोलिया बाजार, सोजतीगेट, नई सड़क, मोहनपुरा होते हुए रातानाडा न्याति भवन (बगेची) सुभाष चौक पहुचेगी।

इन शोभायात्राओं के दौरान यातायात की विशेष व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगी।

1. शोभायात्रा के दौरान बाटा तिराहा से त्रिपोलिया बाजार, कन्दोई बाजार, माणक चौक, मकराना मौहल्ला उम्मेद चौक से विजय चौक तक समस्त प्रकार के वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।
2. शोभायात्रा का पिछला सिरा सोजतीगेट कॉस करने पर शहर के भीतरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था प्रतिदिन की तरह सुचारू कर दी जायेगी।
3. शोभायात्रा के अगला सिरा बाटा तिराहा पहुंचने पर जालोरीगेट व पावटा चौराहा से वाहनों का डाईवर्सन पावटा से ताराचन्द सर्किल, सर्किट हाउस, भाटीया चौराहा, जेडीए सर्किल, खतरनाक पुलिया डीआरएम, तारघर मोड़, ओलम्पिक तिराहा होते हुए जालोरीगेट की तरफ आने व जाने हेतु रहेगा। इस दौरान पावटा से जालोरीगेट के मध्य वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा।
4. जुलूस का अगला सिरा जेल तिराहा क्रॉस करने पर शिव मन्दिर मोड़ से बड़ु हाउस होते हुए नई सड़क चौराहा एवं ताराचन्द सर्किल की तरफ जाने वाला यातायात शिव मन्दिर मोड़ से भाटीया चौराहा, सर्किट हाउस होते हुए पावटा की तरफ आ–जा सकेंगे।
5. शोभायात्रा का पिछला सिरा नई सड़क कॉस करने पर पावटा से जालोरीगेट के मध्य पुन: यातायात सुचारू किया जायेगा।

आमजन से अपील की जाती हैं, कि वह किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए कृपया वैकल्पिक मार्गो का उपयोग करें।

आपके सहयोग की अपेक्षा में – यातायात पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर

(दुर्गाराम चौधरी)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर